वारदात | बड़वारा थाना क्षेत्र के मझगवां छघरा गांव में हुई वारदात, गंभीर रूप से झुलसी महिला, इलाज जारी

पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जलाने का प्रयास

नवभारत, कटनी। जिले के बड़वारा थाना अंतर्गत मझगवां गांव में एक युवक ने अपने मुंह में पेट्रोल भरकर महिला के चेहरे में छिड़कर माचिस से आग लगा दी। आग लगने से महिला का चेहरा गंभीर रूप से झुलस गया है। महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला के बयान दर्ज किए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि बड़वारा थाना अंतर्गत मझगवां छघरा गांव निवासी 50 वर्षीय संतरा बाई मंगलवार रात अपने घर पर थी, तभी मोहल्ले का भोला कोल वहां पहुंचा। उसने पुराने जमीन विवाद को लेकर संतरा बाई से गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपी भोला ने एक बोतल से पेट्रोल अपने मुंह में भरा और संतरा बाई के चेहरे पर छिड़क दिया। जिसके बाद उसने माचिस जलाकर महिला के चेहरे में आग लगा दी। आग की लपटों से घिरी संतरा बाई की चीख-पुकार सुनकर घर के अंदर सो रही उनकी बहू बाहर आई। बहू को आता देख आरोपी भोला कोल भाग गया। परिजनों ने तत्काल आग बुझाई और झुलसी हुई महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही बड़वारा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। पीड़िता संतरा बाई के बयान दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि महिला के बयान के आधार पर आरोपी भोला कोल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मोनू, राज रैकवार और पीड़िता का दामाद देवी दीन एक साथ आहूजा कंपनी में काम करते थे। एक दिन पहले काम के दौरान इनके बीच विवाद हुआ था। इसी को लेकर आरोपी मोनू, राज रैकवार और भोला कोल देवी दीन से विवाद कर रहे थे। शोर सुनकर बीच-बचाव के लिए पीड़िता महिला संतरा बाई पहुंची तो आरोपी भोला कोल ने मुंह में भरा पेट्रोल पीड़िता के ऊपर डालकर माचिस से आग लगा दी दी। बहू का आरोप है कि यह पूरी घटना हत्या के इरादे से की गई है। तीनों आरोपी आपस में मिले थे। उन्होंने योजना बनाकर उसकी सास को आग लगाई है। घटना में तीन आरोपी शामिल थे। इसमें मुख्य आरोपी भोला कोल (30), मोनू रैकवार (25) और राज रैकवार (28) मझगवां के हैं। वहीं पुलिस ने मोनू रैकवार, राज रैकवार से बड़वारा पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि इस मामले का मुख्य आरोपी भोला कोल अपने संबंधित ठिकानों से फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

मैत्री कार्यकर्ता बनकर युवा अर्जित कर सकेंगे आय

नवभारत, कटनी। गांवों में पशुपालन को बढ़ावा देने और किसानों तक कम समय में घर पहुंच कर गुणवत्तापूर्ण पशु सेवा पहुंचाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय गोकुल मिशन अंतर्गत मैत्री योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें गांवों में ही पशु सेवा का जरिया प्रदान किया जा रहा है। उयोजनांतर्गत 10वीं पास युवाओं को 3 महीने का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें प्रैक्टिकल ज्ञान और आवश्यक किट जैसे लिक्विड नाइट्रोजन कंटेनर एआई किट, केश्ट्रेटर आदि प्रदान की जाती है। मैत्री कार्यकर्ता के मुख्य कार्य किसानों के घर जाकर गायों और अन्य पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान करना, पशुओं की गर्भावस्था की जांच करना और रिपीट ब्रीडर एवं बाझ पशुओं को प्राथमिक उपचार प्रदान करना, टीकाकरण, बधियाकरण करना पशुपालन विभाग की के महत्व के संबंध में जागरूक करना है।

बैंक के अंदर कुर्सी पर बैठे रिटायर्ड कर्मचारी की मौत

स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में पेंशन लेने गए थे रिटायर्ड कर्मचारी

नवभारत, कटनी। भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में पेंशन लेने आए एक रिटायर्ड कर्मचारी की कुर्सी पर बैठे-बैठे मौत हो गई। 68 वर्षीय दुर्गा प्रसाद बर्मन कलेक्टर कार्यालय से सेवानिवृत्त हुए थे और बुधवार को अपनी मासिक पेंशन लेने बैंक पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार, दुर्गा प्रसाद बर्मन ने बैंक पहुंचकर पेंशन से संबंधित फॉर्म भरा और काउंटर पर जमा किया। इसके बाद वह बैंक परिसर में रखी एक कुर्सी पर जाकर बैठ गए। कुछ देर बाद जब आसपास के लोगों ने उन्हें हिलाया-डुलाया, तो शरीर में कोई हलचल नहीं हुई। उन्हें उठाने की काफी कोशिश की गई, लेकिन कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर बैंक में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना तुरंत पुलिस और परिजन को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद दुर्गा प्रसाद बर्मन को मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर राजेश सिंह ने बताया कि मृतक दुर्गा बर्मन की उम्र अधिक थी और वे शारीरिक रूप से भी काफी कमजोर थे। प्राथमिक जांच के अनुसार, उनकी मृत्यु साइलेंट अटैक की वजह से हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा।

एक नजर में

स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए कराई जा रही सेंपलिंग

नवभारत, कटनी। मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कटनी में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उच्च शिक्षा में किए गए नवाचार और योजनाओं से संबंधित जानकारी दी। लेकिन यूजीसी और शंकराचार्य विवाद पर चुप्पी साधे रहे। हालांकि, जब पत्रकारों ने यूजीसी के विरोध को लेकर सवाल किया, तो मंत्री ने सीधा जवाब नहीं दिया। वहीं, उत्तर प्रदेश में चल रहे शंकराचार्य से जुड़े विवाद पर मंत्री ने कहा कि यह विषय उनके स्तर का नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि वे पत्रकारों के दबाव में कैलाश विजयवर्गीय जैसा कोई विवादित बयान नहीं देंगे। कटनी में खुलने वाले पीपीपी मॉडल मेडिकल कॉलेज के विरोध के मामले में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वह इस पर कुछ नहीं बोलेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 का जिक्र करते हुए कहा कि इस वर्ष प्रदेश के विश्वविद्यालयों में डिजिटल वैल्यूएशन सिस्टम लागू किया जाएगा। अब तक परीक्षाओं की कॉपियों के बंडल ऑफलाइन जांच के लिए ले जाए जाते थे, लेकिन ऑनलाइन मूल्यांकन से परीक्षा प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और भरोसेमंद होगी। उन्होंने यह भी बताया कि मध्यप्रदेश में भारत की विविध भाषाओं को बढ़ावा देने की पहल की जा रही है। इसके तहत तमिल, मलयालम, सिंधी, मणिपुरी, गुजराती जैसी भारतीय भाषाओं को अलग-अलग विश्वविद्यालयों से जोड़ा जाएगा, जिससे भाषाई और सांस्कृतिक अध्ययन को मजबूती मिलेगी। आपको बतादें कि केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी का विरोध सवर्ण वर्ग के छात्रों द्वारा लगातार किया जा रहा है। सवर्ण वर्ग के छात्रों द्वारा केन्द्र सरकार से यूजीसी के नए नियमों को वापस लेने की मांग की जा रही है।

यूजीसी के नए अधिनियमों को वापस ले सरकार

यूजीसी के नए एक्ट वापस लेने की मांग, सौंपा ज्ञापन

नवभारत, कटनी। केंद्र सरकार के नए यूजीसी एक्ट के खिलाफ सवर्ण समाज ने प्रदर्शन किया है। बुधवार को जिला मुख्यालय पर सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठा हुए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने इस नए कानून को काला कानून करार देते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। दोपहर में सवर्ण समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया था। सवर्ण समाज ने अपनी मांगों को लेकर

जिला प्रशासन के जरिए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान काला कानून वापस लो और सवर्ण एकता जिंदाबाद जैसे नारों से परिसर गूंज उठा। गृह युद्ध जैसी स्थिति पैदा करने का आरोप प्रदर्शन में शामिल वरिष्ठ समाजसेवी रमाकांत पप्पू दीक्षित ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार भेदभावपूर्ण कानून लाकर देश में गृह युद्ध जैसे हालात बनाना चाहती है। उन्होंने चेतावनी दी कि कानून वापस नहीं लिया गया, तो समाज आने वाले समय में उग्र आंदोलन करेगा। नाराजगी सिर्फ सरकार से ही नहीं, बल्कि विपक्ष से भी देखी गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सवर्ण समाज अब अपनी अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि मांगों पर विचार नहीं हुआ, तो आगामी चुनावों में वे भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस, दोनों ही दलों का विरोध करेंगे।

बहोरीबंद के सरकारी स्कूल में फहराया गया क्षतिग्रस्त तिरंगा

स्कूल प्रबंधन की लापरवाही, कार्रवाई की मांग

नवभारत, बाकल। जिले के बहोरीबंद विकासखंड शिक्षा केंद्र अंतर्गत बहोरीबंद की शासकीय माध्यमिक शाला अमाडी में गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व की गरिमा को ठेस पहुंचाने का गंभीर और निंदनीय मामला सामने आया है। विद्यालय परिसर में क्षतिग्रस्त और फटा हुआ तिरंगा झंडा फहराए जाने से ग्रामीणों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार विद्यालय के शाला प्रभारी राकेश श्रीवास्तव द्वारा 26 जनवरी के अवसर पर फटे-पुराने और खंडित तिरंगे को फहराया गया। राष्ट्रीय ध्वज, जो

देश की अस्मिता, स्वाभिमान और गौरव का प्रतीक है, उसकी इस प्रकार की अवहेलना को स्थानीय नागरिकों ने राष्ट्र की भावना के विपरीत बताया है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों और अभिभावकों ने तिरंगा क्षतिग्रस्त होने पर आपत्ति दर्ज कराई, तब भी शाला प्रभारी द्वारा झंडा बदलने की पहल नहीं की गई। इससे लोगों का आक्रोश और अधिक बढ़ गया।

ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि क्या विद्यालय के पास एक नया तिरंगा खरीदने तक का बजट नहीं है। आज़ादी के सात दशक बाद भी यदि शासकीय विद्यालयों में तिरंगा फहराने के लिए स्थायी स्तंभ (फ्लैग पोल) की व्यवस्था नहीं हो पाई है, तो यह शिक्षा व्यवस्था की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि विद्यालय में आज भी झुकी हुई बांस (लकड़ी) के सहारे तिरंगा फहराया जाता है, जो राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा के प्रतिकूल है।

ग्रामीणों ने इसे अत्यंत निंदनीय और चिंताजनक स्थिति बताते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल शिक्षा विभाग द्वारा जांच शुरू कर दी गई है।

वहीं, ग्रामीणों और अभिभावकों की मांग है कि इस मामले में सिर्फ औपचारिक कार्रवाई नहीं करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर दंडात्मक कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति इस प्रकार की लापरवाही दोबारा न हो।

मामले को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग ने कहा, वीडियो संज्ञान में आया है। संकुल प्राचार्य, बीएसी और जनशिक्षक को जांच के लिए भेजा गया है।

जांच और पंचनामा के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने स्कूल के छात्रों के साथ बैठकर किया मध्यान्ह भोजन

पिपरौंध स्कूल पहुंचे कलेक्टर, मन लगाकर पढ़ने की दी सीख

नवभारत, कटनी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला पिपरौंध पहुंचकर कलेक्टर आशीष तिवारी ने छात्रों का हौसला बढ़ाया और छात्रों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन विशेष भोज में शामिल हुए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला पिपरौंध में आयोजित मध्यान्ह भोज में पहुंचे कलेक्टर का छात्रों द्वारा पुष्पवर्षा और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद कलेक्टर आशीष

तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ, निगमायुक्त हरसिमरनप्रीत कौर, डीएफओ गर्वित गंगवार ने बच्चों के साथ पंगत में बैठकर स्वादिष्ट भोजन किया। भोजन में छात्रों की पसंद की चावल की खीर, पुलाव, कढ़ी, पूड़ी, मटर-पनीर की सब्जी, आलू-गोभी की सूखी सब्जी, दाल, अचार, पापड़ और सलाद और बूंदी का लड्डू परोसा गया। परोसे गए सुस्वाद व्यंजनों के जायके का छात्रों सहित अतिथियों ने भी लुत्फ उठाया। इस दौरान कलेक्टर ने छात्रों को खूब मन लगाकर अच्छे से पढ़ाई करने, अपने माता-पिता और गुरूजनों का सम्मान करने की सीख देते हुए शिक्षकों को भी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, तहसीलदार ग्रामीण अजीत तिवारी, जनपद सीईओ कटनी प्रदीप सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी, छात्रावास स्टाफ सहित छात्राओं की उपस्थिति रही।

ऑपरेशन कर बचाई गई मासूम के आंखों की रोशनी

उपसरपंच के प्रयासों से मासूम के आंखों में लौटी रोशनी

नवभारत, उमरियापान। जिले के ढीमरखेड़ा जनपद के अंतर्गत ग्राम बिछिया के निवासी राहुल चौधरी का 4 वर्षीय पुत्र मयंक चौधरी पिछले कुछ सालों से नेत्र रोग से पीड़ित था, उसकी आंखों की रोशनी दिन प्रतिदिन कम होती जा रही थी, लगभग दिखना बंद ही हो गया था।

जिसकी जानकारी ग्राम के उपसरपंच विराट पांडेय को लगी तो उन्होंने उस बच्चे के अभिभावकों को सामुदायिक

स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान लेकर गए और नेत्र परीक्षण कराया। जिसमें डॉक्टरों ने बताया कि इलाज से बच्चे की आंखों की रोशनी को बचाया जा सकता है। बीएमओ डॉक्टर बीके प्रसाद ने तत्काल टीम को निर्देशित करते हुए परीक्षण के लिए कटनी भेजा। डॉक्टर ने मयंक की सभी जांचे की और बिना देरी किए प्रकरण तैयार कर ऑपरेशन के लिए जबलपुर के देवजी नेत्र अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर पवन स्थापक द्वारा बच्चे की आंख का सफल ऑपरेशन कर आंखों की रोशनी बचाई।

कार्यक्रम में दिया गया बेस्ट स्टूडेंटस को आवार्ड

स्क्रैपर्स अकादमी में बेस्ट स्टूडेंटस अवार्ड का आयोजन

नवभारत, कटनी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आरके स्क्रैपर्स अकादमी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हाजी फरीद अहमद, उमेश भाई, संतोष, दीपक, असिस्टेंट डायरेक्टर श्रीमती रश्मि रैदास, डायरेक्टर नेमचंद्र रैदास की उपस्थिति में बेस्ट स्टूडेंट्स अवॉर्ड दिया गया। चाइल्ड कैटगरी के लिए प्रथम स्थान प्रियांश रैदास द्वितीय स्थान पर रिया कुमारी रही और वयस्क कैटेगरी में प्रथम

स्थान अनिकेत द्विवेदी और द्वितीय स्थान सरस्वती पटेल ने अर्जित किया साथ ही साथ बच्चों की पढ़ाई आगे बढ़ाने के लिए मोबाइल फोन गिफ्ट किए गए। जिन्हें वाले वाले कार्तिक विश्वकर्मा और अमित पटेल रहे। जिन्होंने बहुत ही अधिक परिश्रम कर वह अर्जित किया है और अपनी प्रतिभा को उजागर किया है आर के स्क्रैपर उनकी अग्रिम अध्ययन के लिए उन्हें बधाई देता है और अधिक पढ़ाई करें और अपना भविष्य उज्ज्वल बना सके।

गुणवत्ता और निर्धारित समय पर कराएं आईटीआई भवन का निर्माण

कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन आईटीआई भवन का निरीक्षण

नवभारत, कटनी। जिले के रीठी विकासखंड में 12 करोड़ 63 लाख रुपए से आईटीआई भवन का निर्माण किया जा रहा है। मंगलवार को कलेक्टर आशीष तिवारी ने ममार गांव में केन नदी के तट पर बन रहे इस निर्माणाधीन परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करने और इसे तय समय-सीमा में बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर तिवारी ने निर्माणाधीन भवन के ग्राउंड फ्लोर और प्रथम

तल का मुआयना किया। उन्होंने वहां बन रहे क्लासरूम, हॉल, वर्कशेड और छात्रावासों को देखा। भवन की लंबी उम्र और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि हैंडओवर से पहले पूरे परिसर में दीमकरोधी पेस्ट कंट्रोल कराया जाए, ताकि भविष्य में फर्नीचर और भवन को दीमक से बचाया जा सके। निरीक्षण के दौरान मौजूद आईटीआई प्राचार्य शरद कुमार पाण्डेय और इंजीनियरों ने कलेक्टर को बिल्डिंग का नक्शा और डिजाइन दिखाया। अधिकारियों ने बताया कि इस मुख्य भवन में 6 अलग-अलग ट्रेड की पढ़ाई होगी। छात्रों की सुविधा के लिए यहां 60-60 सीटों वाले दो अलग-अलग छात्रावास बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा प्राचार्य और स्टाफ के लिए परिसर में ही 7 आवासीय क्वार्टर का निर्माण भी अंतिम चरण में है। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी परियोजना क्रियान्वयन इकाई के इंजीनियरों को हिदायत दी निर्माण में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

जनसुनवाई | कलेक्टर ने रीठी पहुंचकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

पटवारी और तहसीलदार से जवाब-तलब, लापरवाही पर रोकी गई बाबू की वेतन वृद्धि

नवभारत, कटनी। विकासखंड रीठी में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कई ग्रामीणों के लिए वरदान बन गई। यहां पहुंचे ग्रामीणों की समस्याओं का संवेदनशील कलेक्टर की मौजूदगी और निर्देश की वजह से त्वरित निराकरण हुआ। जनसुनवाई में 111 ग्रामीण पहुंचे। कलेक्टर ने सभी की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना, संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में रीठी निवासी जय कुमार जैन ने आवेदन देकर बताया कि आवेदन करने के बाद भी उनकी ग्राम खाम्ह स्थित भूमि का सीमांकन नहीं किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने

तहसीलदार रीठी को निर्देश दिए कि बुधवार 28 जनवरी को सीमांकन कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार ग्राम खरखरी नंबर 2 निवासी सियाराम यादव की भूमि का सीमांकन नहीं करने पर पटवारी अनूप दास को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में पहुंचे ग्राम मझगवा निवासी संतराम राजभर ने अवगत कराया कि उनके द्वारा खरीदी गई ग्राम हथकुरी स्थित खसरा नंबर 511, रकबा 0.1 हेक्टेयर भूमि का नामांतरण दर्ज नहीं हुआ है। इस पर कलेक्टर ने नायब तहसीलदार बिलहरी को बुधवार 28 जनवरी की शाम तक हर हाल में खसरा में नामांतरण दर्ज कराने के सख्त निर्देश दिए। ग्राम बिलहरी निवासी सुनील साहू ने भी नामांतरण नहीं होने की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए पटवारी सचिन श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस जारी करने, नायब तहसीलदार से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। रीठी में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे ग्राम करहिया नंबर एक निवासी हीरालाल चौधरी छह अलग-अलग खसरा नंबरों की नकल के लिए कई दिनों से परेशान थे। इस पर कलेक्टर ने जनसुनवाई में ही हीरालाल को नकल की प्रति दिलवाई। नकल देने में हीलाहवाली करने वाले रीठी तहसील के लिपिक अर्जुन भूमिया, सहायक ग्रेड-3 रीडर की एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का आदेश मौके पर ही जारी किया गया। साथ ही तहसीलदार रीठी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में पहुंचे ग्राम मुहास निवासी अरविंद कुमार नहर, संदीप ने बताया कि वे संकट मोचन धाम हनुमान मंदिर मुहास में सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत थे। उन्हें मार्च 2025 से दिसंबर 2025 तक का मानदेय नहीं मिला। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी को मानदेय भुगतान की राशि तत्काल देने के निर्देश दिए।

शहीद दिवस पर रखा जाएगा दो मिनट का मौन

नवभारत, कटनी। स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में शुक्रवार 30 जनवरी को शहीद दिवस के अवसर पर सुबह 11 बजे दो मिनिट का मौन रखा जाएगा। दो मिनट के मौन की अवधि शुरू होने और समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर या आर्मी गन से दी जाएगी।

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कटनी (मध्यप्रदेश)

क्रमांक/ 15830 /आर डी एम/2025 — कटनी, दिनांक :-22/12/2025

इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेसर्स भारत पेट्रोलियम कार्पो. लिमिटेड द्वारा आवेदक शरद कुमार चौबे आ. श्री अवधेश कुमार चौबे साकिन गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड कटनी जिला कटनी म.प्र. को ग्राम टिकरिया तहसील कटनी जिला कटनी के खसरा नं. 184/1 में स्थित भूमि पर भू-भाग एरिया 20X20=400 वर्ग मीटर में रिटेल आउटलेट पेट्रोल/डीजल पंप की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी प्रति संलग्न कर प्रेषित है।

अत: आवेदक कंपनी को उक्त कार्य के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के संबंध में यदि किसी भी संस्था/व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर स्वयं या अपने प्रतिनिधि के द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियम समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अपर जिला मजिस्ट्रेट जिला-कटनी

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

डॉ. राजेश बत्रा — एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस. — जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा — एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा — स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024